<u>संदेश</u>

पैगम्बर मुहम्मद के जन्मदिन के उपलक्ष में मनाए जाने वाले मिलाद-उन-नबी के पाक मौके पर, मैं सभी देशवासियों, विशेष रूप से हमारे मुस्लिम भाइयों और बहनों को मुबारकबाद देती हूं।

पैगम्बर मुहम्मद के जीवन से हमें आपसी प्रेम और भाईचारे को मजबूत करने की प्रेरणा मिलती है। उनकी शिक्षाएं समाज में बराबरी और मेल-जोल के महत्व पर विशेष बल देती हैं। उन्होंने सभी को दूसरों के प्रति दया भाव रखने और मानवता की सेवा करने का संदेश दिया है।

आइए, हम पवित्र कुरान की शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारें और ऐसा समाज बनाने का संकल्प लें जो शांति और सौहार्द से भरपूर हो।

****